
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

15 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा समग्र होनी चाहिए जिससे बच्चे का शारीरिक, जीवनुपयोगी, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक हो सके।



अरबिंदो घोष

( दार्शनिक )

जन्म : 15 अगस्त 1872 मृत्यु : 05 दिसम्बर 1950

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# भारत में प्रथम- 15 अगस्त




देश और दुनिया के इतिहास में 15 अगस्त की तारीख में विभिन्न घटनाएं दर्ज है 15 अगस्त का दिन भारत के लिए बहुत महत्व रखता है भारत ने अंग्रेजों की लंबी गुलामी के बाद 15 अगस्त 1947 को आजाद हवा में सांस ली थी 15 अगस्त 1947 को भारत पर ब्रिटिश शासन समाप्त हो गया और इतिहास को चिन्हित किया। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पहली बार दिल्ली के लाल किले से तिरंगा फहराया इसके बाद हर साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, जिसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र के नाम एक संबोधन करते हैं। भारत में इसके बाद 15 अगस्त 1954 को कोलकाता में हावड़ा से हुगली के बीच पहली ट्रेन चली जिसने 39 किलोमीटर का सफर तय किया। इसका रखरखाव ईस्ट इंडिया रेलवे कंपनी ने किया था। 15 अगस्त 1906 को "राष्ट्रीय शिक्षा परिषद" की स्थापना हुई। आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय ने बंगाल केमिकल्स स्वदेशी स्टोर खोला।15 अगस्त 1982 को इंदिरा गांधी के भाषण के साथ भारत में रंगीन टीवी पर प्रसारण की शुरुआत हुई। ब्रिटिश सरकार काफी पहले ही भारत को आजाद करने का मन बना लिया था, लेकिन अंग्रेजी सरकार के अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने देश को 15 अगस्त को घोषित करने का निश्चय किया। 15 अगस्त 1972 को हुई थी पिन कोड की शुरुआत। 1970 से पहले डाक विभाग को अलग-अलग भाषाओं और एक ही नाम के स्थान होने के चलते दिक्कतों का सामना करना होता था। इस समस्या से निपटने के लिए डाक विभाग ने पिनकोड को जन्म दिया था।

# जयंती विशेष 15 अगस्त




**अरबिंदो घोष** *Aurobindo Ghosh*, जन्म: 15 अगस्त, 1872, कोलकाता - मृत्यु: 5 दिसम्बर, 1950, पाण्डिचेरी) का मूल नाम अरबिंदो घोष है किंतु अरविंद भी कहा जाता है। आधुनिक काल में भारत में अनेक महान् क्रांतिकारी और योगी हुए हैं, अरबिंदो घोष उनमें अद्वितीय हैं। अरविंदो घोष कवि और भारतीय राष्ट्रवादी थे जिन्होंने आध्यात्मिक विकास के माध्यम से सार्वभौमिक मोक्ष का दर्शन प्रतिपादित किया।

# Teachers of Bihar

*The change makers*

## ToB MATH TLM 3

## भाज्य संख्याएं (Composite number)

1 से बड़ी वे संख्यायें जो स्वयं तथा 1 के अलावा कम से कम एक और संख्या से भाग लग जाए,भाज्य संख्याएं कहलाती है।

जैसे-2,4,6,8 इत्यादि।

- सबसे छोटी भाज्य संख्या 4 है।

## सम संख्या (Even Number)

जो संख्या 2 से पूर्णतः विभाजित हो, उसे सम संख्या कहते हैं।

जैसे-2,4,6,8 इत्यादि।

## विषम संख्या (Odd number)

वे संख्याएं जो 2 से पूर्णतः विभाजित न हो उसे विषम संख्या कहते हैं।

जैसे-1,3,5,7,11 इत्यादि।

# TOB खेल कॉर्नर

## DURAND CUP

डूरंड कप, एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसकी शुरुआत 1888 में शिमला में हुई थी। इसे ब्रिटिश भारत के तत्कालीन विदेश सचिव सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड ने शुरू किया था, और इसका नाम उनके नाम पर रखा गया है। यह टूर्नामेंट मूल रूप से ब्रिटिश और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच एक प्रतियोगिता के रूप में शुरू हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे यह खेल और सौहार्द का प्रतीक बन गया।

### डूरंड कप का इतिहास:

**शुरुआत:**

1888 में शिमला में ब्रिटिश भारत के तत्कालीन विदेश सचिव सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड द्वारा स्थापित।

**उद्देश्य:**

ब्रिटिश और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच खेल को प्रोत्साहित करना और उनमें सौहार्द बढ़ाना।

**विकास:**

1940 में दिल्ली स्थानांतरित, फिर भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच विभाजन के बाद दिल्ली में एक स्वतंत्र संस्था को सौंप दिया गया।

**महत्व:**

एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट।

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 15.08.2025

## शिक्षण प्रविधि

शिक्षण प्रविधि का अर्थ है, "शिक्षण विधि को प्रभावी बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकें या उपाय". दूसरे शब्दों में, शिक्षण विधि (जैसे, व्याख्यान विधि, प्रदर्शन विधि) को लागू करते समय, शिक्षक जिन विशिष्ट तरीकों, युक्तियों या तकनीकों का उपयोग करता है, ताकि छात्रों को बेहतर ढंग से समझ में आए और विषय वस्तु को प्रभावी ढंग से सीख सकें, उन्हें शिक्षण प्रविधि कहा जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**जापान ने अपने देश को सुनामी से बचाने के लिए सुनामी ढाल बनाया है। जापान ने अपनी तटीय सुरक्षा के लिए 90 लाख पेड़ों से 395 किलोमीटर लंबी सुनामी दीवार बनाई है। ताकि प्रकृति के सहारे समुद्र से बचाव हो सके।**

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी सब्जियां



### मटर

मुझमें vit.A,B-1,B-6, C और K पाया जाता है। मुझमें फाइबर, प्रोटीन, मैंगनीज, आयरन और फोलेट भी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya


HAPPY
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
INDEPENDENCE DAY
15 AUGUST 2025
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEADCHERS OF BIHAR

REG. NO. BR/2025/0487469

# INDEPENDENCE DAY

# QUIZ

# COMPETITION

**TIME :-** 15-16 AUGUST 2025






**Scan To Participate Now**


+91 7250818080
www.teachersofbihar.org